हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 जिला प्रशासन की टीम ने एक ही दिन में रोके 3 बाल विवाह





धरमजयगढ़ रोड से यात्री ट्रेन शुरु करने की मांग ठंडे बस्ते में

# यात्री ट्रेन नहीं हुई शुरु तो प्लेटफार्म पर हो रही पार्किंग और किसानी के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब दो साल पहले कोयला ढुलाई के लिए शुरु हुई मालगाडियों के परिवहन हेतु बनाए गए धरमजयगढ रोड पर यात्री ट्रेन शुरु होने की प्रतीक्षा लंबी होते देख औचित्यहीन साबित हो रहे रेलवे स्टेशन का उपयोग ग्रामीण वाहन पार्किंग व फसलों को सुखाने में कर रहे हैं। इससे रेलवे स्टेशन के भी देखरेख व सफाई व्यवस्था को लेकर विभागीय उदासीनता साफ समझी था सकती है।

गौरतलब है कि कोयले की रैक के द्रुत परिवहन के लिए साल 2018 में खरसिया से धरमजयगढ़ तक 3 हजार 55 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेल लाइन का कार्य शुभारंभ किया गया। साथ ही इसी रेल कॉरीडोर के फेस टू में धरमजयगढ़ से उरगा तक 1686 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेल लाइन का भूमिपूजन किया गया था। 24 सितंबर को मुख्यमंत्री रमन सिंह व कोयला एवं रेल मंत्री पीयूष गोयल ने छत्तीसगढ़ के लिए नई रेल लाइन का भूमिपूजन किया था। खरसिया से धरमजयगढ़ के बीच 132 किलोमीटर के नई लाइन पर पटरी बिछाने का शुरू हुआ था तो 2022 में पूरा हुआ।

वहीं धरमजयगढ़ कोरबा उरगा के बीच 63 किलोमीटर की नई रेल लाइन का शिलान्यास किया गया। दोनों ही परियोजनाओं की अनुमानित लागत 4741 करोड़ रुपए है। रेल लाइन के साथ ही बीच में कई जगह नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। ईस्ट कॉरीडोर की दोनों ही परियोजनाएं जिले के लिए फायदेमंद है। उम्मीद की था रही थी कि धरमजयगढ़, खरसिया, और घरघोड़ा ब्लॉक पूरी तरह से रेल मार्ग से जुड़ जाएगा।प्रोजेक्ट में पैसे लगाने वाली कंपनियों के साथ अनुबंध पर भी रेल मंत्री ने हस्ताक्षर किए थे।

दोनों परियोजना की कुल लागत रुपए का 64 प्रतिशत एसईसीएल, 26 प्रतिशत इरकॉन और 10 प्रतिशत की राशि छत्तीसगढ़ शासन संयुक्त रूप से साझा किया। परियोजनाओं का निर्माण काम इरकॉन कंपनी द्वारा किया गया है। 2023 में सीएम नरेन्द्र मोदी के कोडातराई में आयोजित जनसभा के दौरान धरमजयगढ रोड से पैसेंजर ट्रेन शुरु करने के एलान की अटकलें लगाई गई थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उसके बाद इस मामले में कोई नई बात सामने नहीं आई। इस वजह से वनांचल के लोगों में निराशा भी है।





### बनाए गए हैं 9 स्टेशन

नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत खरसिया से धरमजयगढ़ तक गुरदा, छाल, घरघोड़ा, कोरीछापर, कुडुमकेला, धरमजयगढ़, भालूमाड़ा और गारे पेलमा में 9 रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं। इन 9 जगहों पर रेलवे स्टेशनों पर मालगाड़ियों के साथ भविष्य में श यात्री ट्रेनें के ठहराए की तैयारी की गई है लेकिन दो साल पहले मालगाडी का परिचालन शुरु होने के बाद अब तक यात्री ट्रेन शुरु नहीं हो सकी है। रेल लाइन की लंबाई 132 किमी और लागत 3055 करोड़ रुपए है। परियोजना के अंतर्गत धरमजयगढ़ और कोरबा.उरगा के बीच में खड़गांव, हाटी, धस्कामुड़ा, घिनारा, डोंगामा और भैसामा में 6 स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों में शुरुआत के क्रमबद्ध तीन स्टेशन खड़गांवए हाटी और धस्कामुड़ा रायगढ़ जिले में आते है। इस परियोजना में रेल लाइन की लंबाई 63 किमी और लागत 1686 करोड़ रुपए है।

## खबर संक्षेप

### सीएम की धर्मपत्नी का आज शहर में जनसम्पर्क



रायगढ। लोकसभा चुनाव प्रचार में रायगढ सीट से बीजेपी उम्मीदवार राधेश्याम राठिया के पक्ष में एक तरफ जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोकसभा क्षेत्र के तीनों जिलों में आमसभा कर रहे हैं वहीं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या साय भी धुंआधार जनसम्पर्क करते नजर आ रही हैं। चुनाव प्रचार की इसी कड़ी में श्रीमती साय का 29 अप्रैल को रायगढ शहर में जनसम्पर्क कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिला भाजपा मीडिया विभाग से जारी सूचना के मुताबिक्र सोमवार को शहर में श्रीमती कौशल्या साय का जनसम्पर्क सुबह 10रू30 बेटे कोष्टापारा देवांगन धर्मशाला में देवांगन समाज की महिलाओं के साथ भेंट वार्ता से शुरु होगा। इसके बाद अपरान्ह 4 बजे से सारंगढ जिले में पिपरदा से कौशल्या साय का जनसम्पर्क अभियान आगे बढेगा। पिपरदा के बाद कनकवीरा, सालर, खम्हारडीह होते हुए रात्रि 8.30 बजे छिंद में श्रीमती साय का जनसम्पर्क कार्यक्रम विश्राम लेगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सुविधा के लिए रायगढ व सारंगढ के निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं।

### वित्त मंत्री पर आपत्तिजनक बयान, एफआईआर दर्ज

रायगढ़। जिले में खाद्य विभाग में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी ने वित्त मंत्री व नगर विधायक ओपी चौधरी को लेकर एक आपत्तिजनक बयान सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट किया। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कर्मचारी के खिलाफ थाने मे पहुंच कर एफआईआर भी दर्ज कराया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी केशव पटेल ने बीते दिनों फेसबुक पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट किया। इस पोस्ट के वायरल होने पर भाजपाई भड़क गए। बताया जा रहा है कि उक्त कर्मचारी के खिलाफ दंतेवाड़ा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज कराया है और कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग भी की है। इस संबंध में मिली जानकारी उक्त कर्मचारी पहले भी प्रकाश नायक सहित कई अन्य नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कर चुका है। इस बार फिर इसी तरह का एक वाक्या सामने आया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



रायगढ़। थाना कोतवाली में स्थानीय महिला द्वारा उसकी नाबालिग लडकी के साथ सज्जाद अली 39 वर्ष द्वारा डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को सज्जाद अली की पत्नी घर आकर उसके मोबाइल पर लड़की का आपत्तिजनक फोटो दिखाकर झगड़ा करने लगी। तब महिला अपनी बेटी से पूछी तो उसने बताया कि 18 अप्रैल के सुबह घर के पीछे खाना बनाने के लिए लकड़ी काट रही थी। तभी वहां बकरी चराने के बहाने से सज्जाद अली आया और डरा धमका कर खाली कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया और मोबाइल पर अंतरंग फोटो ले लिया था और घटना किसी को नहीं बताने की धमकी भी दिया। बालिका डर और लोक लाज से घटना किसी को नहीं बताई थी। बालिका के घरवालों द्वारा घर परिवार में सलाह मशवरा कर कल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराये। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी सज्जाद अली दिलावर हुसैन पर अपराध क्रमांक 246/2014 धारा 376, 323,506 आईपीसी, 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाइल की जप्ती कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराध पर त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर एवं स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## कैनेडियन एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कनाडियन एयरलाइंस में फूड प्रोसेसिंग का जॉब दिलाने का झांसा देकर वीजा व अन्य कागजात बनाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में छाल पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। छाल पुलिस द्वारा आरोपी कुंदन कुमार को बिहार के समस्तीपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। आरोपी से ठगी के 3 लाख 70 हजार रूपए और एक मोबाइल की जप्ती की गई है।

जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल को थाना छाल में रिपोर्टकर्ता आवेदक संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा उम्र 36 साल, निवासी ग्राम पुरूंगा थाना छाल द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके दोस्त के जरिये कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से बात हुई जिससे दिल्ली में मिला था। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्डए विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग कनाडा में जॉब देने की बात कहकर प्रोसेस के नाम पर पहले 25 हजार रूपए लिया ।

थोडे दिन बाद टिकट बुकिंग के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये भेजने बोला और टिकट बुक कर भेज देगा बताया। फिर 10-15 दिन बाद कुंदन ने वीजा के नाम पर 1 लाख 95 हजार रूपए लिए। दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक संदीप से कुंदन ने कुल 3 लाख 70 हजार ऑनलाइन फोन पर और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से प्राप्त' किया। संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात बोला। संदीप को आभास हुआ कि साथ धोखाधडी कर रहा है। उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराया जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया। कुंदन द्वारा संदीप पर दबाव बनाया गया कि शिकायत वापस ले ले। संदीप तिग्गा के लिखित आवेदन पर थाना छाल में आरोपी पर धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।



■ तीन लाख 70 हजार नकद जब्त

छाल पुलिस पीड़ित संदीप तिग्गा के बैंक डिटेल निकालकर आरोपी का लोकेशन लिया गया और शीघ्र बिहार में दबिश देकर आरोपी कुंदन कुमार पिता रामजतन पंडित उम्र 26 साल निवासी हवासपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर बिहार हाल मुकाम एमसीएफ 162 चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने रिपोर्टकर्ता संदीप तिग्गा से 3 लाख 70 हजार की ठगी के अलावा संजोग मिंज निवासी जशपुर से 3 लाख 50 हजार तथा संजीत कुमार कुजूर निवासी सुंदरगढ़ उड़ीसा से 3 लाख 50 हजार जॉब दिलाने, कनाडियन वीजा लगाने के नाम पर प्राप्त किया और उन पैसों का पासपोर्ट बनाने में के काम में ना लगाकर व्यक्तिगत इस्तेमाल कर लिया। छाल पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर शेष बचे 3 लाख 70 हजार और उसका एक मोबाइल जप्ती किया गया है। आरोपी को कल शाम गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

## मरीन ड्राइव में मारपीट करने वाले 5 गिरफ्तार

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव में मारपीट करने व हुडदंग मचाने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 10.30 बजे सूचना थाना प्रभारी चक्रधरनगर को सूचना मिली कि पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव के पास कुछ शरारती युवकों द्वारा झगड़ा लड़ाई करते हुए हुड़दंग मचाया जा रहा है।

सूचना मिलने के बाद चक्रधर नगर पुलिस सहित पेट्रोलिंग पार्टी मरीन ड्राइव पहुंची। जहां कुछ असामाजिक तत्व गाली गलौज करते हुए दूसरे पक्ष को लाठी डंडा से मारपीट करते हुए धमकी दे रहे थे। पुलिस टीम को आते देख असामाजिक तत्व मौके से इधर उधर भागने लगे, जिन्हें पकड़ कर थाने लाया गया। इस मामले में सोनी पांडे पिता स्व. कन्हैया पांडे उम्र 24 साल, देवेश कुमार यादव उर्फ लाल पिता दिल चंद यादव उम्र 23 साल, सुमेश सिंह सिदार उर्फ मोनू पिता स्व. फूल सिंह सिदार उम्र 26 साल तीनों निवासी पहाड़ मंदिर, आमीर उल्लाह खान उर्फ छोटू पिता चांद मोहम्मद उमर 25 साल निवासी प्रेमनगर और संजय मंडल पिता स्व. रमेश मंडल उमर 24 साल निवासी कोरिया दादर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 290, 294, 151, 107, 116(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। जहां से निर्देशानुसार पांचों आरोपियों का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपियों को जेल दाखिल किया है।



## दो बाइक में भिंडत, 4 घायल, एक की मौत

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो मोटरसाइकिल में भिंडत होने पर चार लोग घायल हो गए और एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने आरोपी बाइक सवार पर अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में कमलेश राठिया पात घुरसिंह राठिया निवासी ग्राम छाल रायपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसका भाई मितेश राठिया 26 अप्रैल को अपने मित्र अनवर राठिया और भरतलाल राठिया के साथ मोटरसाइकिल से नावापारा से रूखमण राठिया के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। वे तीनों रात्रि करीब 1.30 बजे छाल की तरह से आ रहे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एजेड 2126 के चालक अनिल राठिया ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में मितेश राठिया, भरत राठिया तथा अनवर राठिया को चोंट लगी। इस संबंध में अनवर राठिया पिता रामसाय राठिया ने भी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई अनिल राठिया अपने साथी दीपक बैगा के साथ छाल से नावापारा के शादी समारोह से लौटते वक्त भरत राठिया ने अनिल राठिया को ठोकर मार दी।

## लालटंकी के समीप ट्रांसफार्मर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में शनिवार की रात को लालटंकी के समीप एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। बता दें कि यह शहर में आग लगने की तीसरी घटना है। इससे पहले भी गद्दी चौक के समीप एक ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना घटित हो चुकी है। इसके लिए पैलेस रोड स्थित एक सूने मकान भी आगजनी की घटना देखने को मिली थी।

■ गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ी विद्युत खपत

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को लालटंकी के समीप एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले इससे चिंगरी निकल रही थी, फिर धुआं निकलने लगा और आग की लपटें निकलने लगी। मोहल्लेवासियों की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश मे जुट गई। गनीमत यह रही कि समय पर दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई, ऐसे में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इससे पहले भी शहर के गद्दी चौक स्थित एक ट्रासफार्मर मे दोपहर के वक्त चिंगारी निकली जो ट्रासफार्मर के नीचे पड़े हुए कचरे में गिरी। जिसके बाद वहां आग की लपटें निकलने लगी। यहां दो ट्रासफार्मर थे, जो पूरी तरह से आग की चपेट में आ गए। इसी प्रकार बीते दिनों पैलेस रोड स्थित एक सूने मकान में आग लगने की घटना घटित हुई। इस दौरान आग पर काबू पा लिया गया। गौरतलब है कि वर्तमान में गर्मी अपने चरम पर हैं ऐसे मे बिजली का भी लोड बढ़ा हुआ है और शहर के तमाम ट्रांसफार्मर काफी लोड के साथ चल रहे हैं। ऐसे में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।



## गांव में अवैध शराब पर कार्रवाई की मांग

रायगढ। अदिवासी बहुल्य विकास खण्ड धरमजयगढ़ में इन दिनों अवैध शराब पर कार्यवाही को लेकर ग्रामीण महिलाएं लगातार थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर से गुहार लगाई जा रही है। हर दो चार दिन में किसी न किसी गांव की महिलाएं एकत्रित होकर थाना पहुंचकर अवैध शराब बनाने एवं पीने वालों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। महिलाओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि गांव में कुछ लोग अवैध तरीके से हाथ भट्ठी शराब बनाकर बेचते हैं जिससे गांव की छोट छोटे बच्चे शराब के आदि बन जा रहे हैं।

महिलाओं की माने तो गांव में शराब के नशे में लोग छोटी मोटी चोरियां भी कर रहे हैं। महिलाओं की मांग पर थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर लगातार कार्यवाही कर रहे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वहीं अगर हम बात करें आबकारी विभाग की तो धरमजयगढ़ आबकारी विभाग अपने कर्तव्य सही तरीके से नहीं निभा रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ शहर के ढाबों में खुलेआम शराब की बिक्री की जा रही है। आबकारी विभाग की सुस्त रवैया से ही धरमजयगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री हो रही है । ग्रामीण क्षेत्र की आदिवासी महिलाएं अवैध शराब पर पुरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं और आबकारी विभाग है जो महिलाओं की मांग के अनुरूप अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने में नाकाम साबित हो रही है।



## छाल वनपरिक्षेत्र के हाटी में तीन दर्जन हाथियों की मौजूदगी से बढ़ी दहशत

रायगढ़। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत सरहदी इलाकों से हाथियों की आवाजाही बनी रहती है। इस कड़ी में कोरबा क्षेत्र से 32 हाथियों का एक बड़ा दल छाल रेंज के हाटी सर्किल क्षेत्र में पहुंचा है। इन 32 हाथियों की आमद होने के साथ हाटी क्षेत्र में कुल 67 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। विदित है कि हाटी के इसी इलाके में 25 हाथियों का एक और बड़ा झुंड पहले से विचरण कर रहा है। वहीं, इस ग्रुप के आने के बाद वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में हाथियों की कुल संख्या 142 हो गई है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में मौजूद हाथियों के बड़े समूहों की लगातार निगरानी रखी जा रही है और प्राभावित इलाकों में ग्रामीणों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि छाल रेंज हाथियों का सबसे पसंदीदा रहवास क्षेत्र माना जाता है क्योंकि इस इलाके में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी रहती है। इसके अलावा वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत कई इलाके ऐसे हैं जिनमें हाथियों का लंबा प्रवास देखा गया है। अनुकूलित वातावरण के बीच क्षेत्र के जंगल में हाथी प्रजनन कर रहे हैं।

### विभाग अलर्ट

वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत हाटी इलाक्रे में 67 हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग द्वारा क्षेत्र के सभी गांवों के ग्रामीणों को अलर्ट कर जंगल की ओर न जानें तथा आवश्यक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर भी इस सबसे बड़े समूह के लोकेशन की जानकारी साझा कर स्थानीय लोगों को आगाह किया गया है।

## आठ साल बाद बना संयोग, तारा अस्त होने से मई जून में नहीं सुनाई देगी शहनाई

रायगढ। गर्मी के सीजन में इस बार गुरु और शुक्र का तारा अस्त होने के कारण मई जून के महीने में शादी ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे। करीब आठ साल बाद बने इस संयोग के चलते विवाह के लिए करीब ढाई माह इंतजार करना होगा। हालांकि इस अवधि में अक्षय तृतीया और जानकी नवमी सहित अन्य अबूझ मुहूर्त पर शादी विवाह हो सकेंगे। ज्योतिषविदों के मुताबिक 30 अप्रेल को शुक्र का तारा अस्त होगा तथा यह सात जुलाई को उदय होगा। इसी बीच नौ से 31 मई तक गुरु का तारा भी अस्त रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शास्त्रों में शुक्र और गुरु ग्रह को तारा माना गया है। शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए इन दोनों का उदय होना जरूरी है।हिंदू धर्म में शुक्र ग्रह का काफी अधिक महत्त्व है। किसी भी मांगलिक कार्य को करने से पहले शुक्र की स्थिति का ध्यान जरूर रखा जाता है।

नियमित मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रही कंपनी

## वाटर एटीएम बनी शोपीस, महीनों से खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में लोगों को ठंडे व आरओ वाटर उपलब्ध कराने के लिए 5 जगहों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। किंतु वर्तमान में इनमें से 4 खराब हैं। जिसकी वजह से लोगों को इन वाटर एटीएम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वाटर एटीएम स्थापित होने के बाद से ही इनकी नियमित मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिसकी वजह से यह अक्सर खराब ही रहते हैं।

शहर में लोगों की सुविधा के लिए लगाए गए वाटर एटीएम इन दिनों शोपीस बने हुए हैं। बताया जाता है कि शहर में 5 जगहों पर लगाए गए वाटर एटीएम कभी नियमित रूप से चलते ही नहीं हैं। इनमें हर खराब किसी न किसी तरह की खराबी देखने को मिलती है, जिसकी वजह से ज्यादातर समय यह बंद ही रहते हैं। शहर में स्थापित किए गए वाटर एटीएम पिछले कई महिनो से बंद हैं, किंतु इनकी मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थिति यह है कि इस भीषण गर्मी में भी शहर के तमाम वाटर एटीएम बंद पड़े हैं। जबकि इनके माध्यम से लोगों को स्वच्छ व शीतल पेयजल मिल जाता।



### 2 साल पहले हुआ स्थापित

जानकारी के अनुसार यूरो केयर्स नामक कंपनी ने शहर में दो साल पहले 5 जगहों पर वाटर एटीएम स्थापित की। स्थापना के बाद से ही 3 वाटर एटीएम चालू हालत में होने के बाद भी इनसे ठंडा पानी नहीं निकल रहा है। वहीं एक के कलपुर्जे चोरी होने के कारण यह बंद पड़ा है। निगम दावा कर रहा है कि 7 दिनों के भीतर शहर के सभी वाटर एटीएम चालू हो जाएंगे।

### 7 साल तक करनी है मरम्मत

सूत्र बता रहे हैं कि वाटर एटीएम की स्थापना के बाद से 7 वर्ष तक इसकी मरम्मत व संधारण के लिए कंपनी को ध्यान देना है। किंतु जब से इन वाटर एटीएम की स्थापना की गई, तब से इनकी मरम्मत नहीं हो सकी है।

## उद्योगकर्मियों को दिलाई गई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट में रविवार दोपहर को मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही उद्योग कर्मियों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान की तारीख 07 मई का फॉर्मेशन बना कर सभी को मतदान का संदेश दिया।


इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण भ्रमण के लिए रायगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ कैडर के 2023 बैच के 04 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सुश्री अनुपमा आनंदए सहायक कलेक्टर रायपुर, एम भार्गव सहायक कलेक्टर दुर्ग, तन्मय खन्ना सहायक कलेक्टर बिलासपुर और दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सहायक कलेक्टर जांजगीर चांपा भी शामिल हुए। अनुपमा आनंद ने सभी उद्योग कर्मियों को 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व 5 वर्ष में एक बार आता है। इसमें हम सभी को नागरिक के रूप में अवश्य हमारे दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। साथ ही अपने परिवार तथा आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है, इसके माध्यम से वह लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभा सकता है। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जिंदल के अधिकारी कर्मचारी और उद्योग कर्मी मौजूद रहे। गौरतलब है कि रायगढ़ जिले में उद्योगों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इंडसट्रियल कैप्टन को मतदान दिवस के दिन सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। साथ ही उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि क्रमिक रूप कर्मचारियों को मतदान के लिए अवकाश दें। जिससे सभी अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डगलस का खुलासा, अपने किरदार की चाहते थे खतरनाक मौत



हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी चर्चित फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।

एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की खतरनाक मौत चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मेकर्स के अनुरोध भी किया था। माइकल डगलस हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे वैश्विक स्तर पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वे मार्वल की साल 2023 में आई फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया में नजर आए थे। इस फिल्म में डॉ. हैंक पाइम की भूमिका में उन्हें काफी पसंद किया गया था। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की मौत का एक गंभीर दृश्य चाहते थे और इसके लिए उन्होंने अनुरोध भी किया था। एक बातचीत में अभिनेता ने कहा कि फिल्म के तीसरे भाग से पहले उन्होंने अपने चरित्र को मारने का अनुरोध किया था। डगलस ने कहा, ₹वास्तव में मैंने तीसरी फिल्म के ऐसा किया था। मैंने कहा था कि मैं स्पेशल इफेक्ट्स के साथ मौत चाहता हूं। कोई शानदार तरीका होना चाहिए, जहां मैं चींटी के आकार में सिकुड़ जाऊं और मुझमें विस्फोट हो जाए। कुछ भी हो जाए, लेकिन मैं उन सभी इफेक्ट्स का उपयोग करना चाहता हूं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया का निर्देशन पेटन रीड ने किया गया था। वहीं, इसे जेफ लवनेस ने लिखा था। फिल्म में पॉल रुड, इवांगेलिन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, डेविड डस्टमालचियन, कैटी ओ'ब्रायन, विलियम जैक्सन हार्पर, बिल मरे, कोरी स्टोल और मिशेल फिफर ने अभिनय किया था। डगलस ने 2015 की फिल्म एंट-मैन में हैंक पाइम की भूमिका की शुरुआत की और 2018 की एंट-मैन एंड द वास्प और 2019 की एवेंजर्सः एंडगेम में इसे फिर से निभाया। हैंक पाइम के रूप में उन्हें आखिरी बार साल 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया में देखा गया था।

### टॉलीवुड

## श्रुति -शांतनु की राहें जुदा, क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म ?



श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में ऐसी अफवाहें फैलने लगी थीं कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका करीब एक महीने से अलग रह रहे हैं। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुति और शांतनु ने अपने व्यक्तिगत हितों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाने का फैसला किया है। मुंबई स्थित असमिया कलाकार शांतनु हजारिका एक विजुअल आर्टिस्ट, वीडियो गेम डिजाइनर और चित्रकार हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा ने श्रुति का ध्यान तब खींचा जब वह अपनी किताब पर काम कर रही थीं, जिसमें उनकी कविताएं हैं। शांतनु ने पुस्तक के लिए एक चित्रकार और डिजाइनर के रूप में योगदान दिया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

काम के मोर्चे पर, श्रुति 'सालार 2' के लिए तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा, 'डेकोइट', 'टॉक्सिक' और सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' जैसी परियोजनाओं में उनके शामिल होने की अफवाहें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

## विक्रांत और ऋतु की 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज



विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कहानी कई लोगों को महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की याद दिला रही है। हालांकि, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत ने साफ कर दिया है कि इसकी कहानी पूरी तरह से फिक्शन बेस्ड है। भोजपुरी सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर मजेदार है और इसे देखकर कई लोग इसे महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की कहानी से जोड़ रहे हैं जिन्होंने अधिकारी बनने के बाद अपने पति को छोड़ दिया था।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत सिंह राजपूत एक ऐसे हसबैंड की भूमिका में हैं जिसकी पत्नी पढ़ाई कर अफसर बनना चाहती है। हालांकि परिवार के बाकी लोग उनकी पत्नी को अफसर बनाने और पढ़ाने-लिखाने के खिलाफ हैं।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म की कहानी संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है।

### लाइफ स्टाइल




अरब का हुस्न

मिस्त्र की पहचान पिरामिड से है और इन पिरामिड के परिदृश्य में फैशन उद्योग भी खूब पनपता रहा है। मिस्त्र की सांस्कृतिक झलक यहां के फैशन शो में देखने मिलती है। पिछले दिनों कोचर कलेक्शन के अंतर्गत इटालियन फैशन हाउस लारा मैंकिनी और अमेरिकन डिजाइनर लैक्वान स्मिथ ने मिस्त्र में यह अनूठा शो किया। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

## देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटकारा




आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि बच्चों को छोटे से घी खिलाना चाहिए, ताकि उनका शरीर मजबूत बनें। घी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को भी लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

## दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट



फैशन

सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट



इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है। वहीं इस सूट के साथ पेंट स्टाइल में सूट पहन सकती हैं। इस तरह के सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों को न करें नजरअंदाज, सूट लुक हो सकता है खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

### कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं।

## जंपसूट के साथ अपनाईए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी हील्सः** अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।



**मीडियम हील्स सैंडलः** अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं।

अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

### कार्नर न्यूज

### परफेक्ट लुक के लिए इस मौसम में हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं

## गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।





**ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्सः** अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

**बैंड कॉलर शर्ट्स :** शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

**हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट :** वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

**मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट :** मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

**क्यूबन कॉलर शर्ट्सः** क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

**लीफ प्रिंट शर्ट्स :** फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

**स्ट्राइप्ड शर्ट :** स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।



28- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/28/2024 8:09 PM Page 1





# अक्षय कुमार की 4 फिल्में इस साल होंगी रिलीज़

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। आमिर या सलमान खान की तरह साल में एक नहीं बल्कि 4 से 5 फिल्में रिलीज़ कर देते हैं। हालांकि, उनकी ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाती हैं। इस साल एक्टर की चार फिल्में रिलीज़ होने जा रही हैं। 12 जुलाई को अक्षय कुमार सरफिरा में नज़र आने वाले हैं। ये तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू का हिंदी रीमेक है। अक्षय कुमार एक बार फिर मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म खेल खेल में नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 6 सितंबर को रिलीज़ होगी। स्काई फॉर्स एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने वाली है।

लाइफ Style



# मृणाल

## माता-पिता की वजह से ठुकरा दी कई फिल्में

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती हैं। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती हैं। 'जर्सी' से लेकर 'सीता रामम' और 'हाय पापा' तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है। मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं। मृणाल का कहना है, 'मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे'।

उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, 'मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को 'न' कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी।

## हॉलीवुड मसाला



### ब्रिटनी को पिता से मिली आजादी

**लॉस एंजिलिस।** ब्रिटनी स्पीयर्स हॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक हैं, जो अपने गानों से कम और विवादों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी एक्स ब्वॉयफ्रेंड पर आरोप, पति से तलाक और पिता के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर बवाल, आए दिन ब्रिटनी हेडलाइंस में अपनी जगह बना ही लेती हैं। खैर, सिंगर का एक विवाद सालों बाद आखिरकार खत्म हो गया है। ब्रिटनी स्पीयर्स का पिता जेमी स्पीयर्स के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ साल पहले 'कंजरवेटरशिप' खत्म होने के बाद ब्रिटनी ने दावा किया था कि उनके पिता उन्हें ड्रग्स देते हैं।



### एआई की दुनिया में जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यूं तो जेनिफर ने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन वह पहली बार साइंस फिक्शन फिल्म में अपना दमखम दिखाने जा रही हैं। जेनिफर लोपेज आगामी फिल्म 'एटलस' में एक्शन करती दिखाई देंगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ऐसा पहली बार है, जब ब्यूटी क्वीन किसी साई-फाई मूवी में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में जेनिफर का किरदार देखने लायक है। 'एटलस' के ट्रेलर की शुरुआत जेनिफर से होती है, जो एटलस शेफर्ड का किरदार निभा रही हैं। एटलस एक तेज-तर्रार डाटा एनलिस्ट है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नफरत है।



### मना किया ईशान की मां का रोल ...

**मुंबई।** धमाल और वेलकम जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को प्रीतिश नन्दी की प्रोडक्शन के तहत बन रही वेब सीरीज में रोल ऑफर हुआ था। हालांकि, खबर है कि मल्लिका शेरावत ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। मल्लिका शेरावत ने इस प्रोजेक्ट के लिए लुक टेस्ट भी दिया था। अब ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने रोल करने से मना कर दिया? रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत का कहना था कि अगर वो मां का रोल निभा रही हैं, वो भी ईशान खट्टर की मां तो उनका किरदार दिलचस्प होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं था। इसलिए उन्होने इस प्रोजेक्ट में काम करने से मना कर दिया। मल्लिका के पब्लिसिस्ट की मानें तो मल्लिका ने फरवरी में ही प्रोडक्शन हाउस के साथ क्रिएटिव डिफ्रेंस के चलते यह शो करने से मना कर दिया था।



### फिल्म शोले के एक्टर के बेटे हैं शरमन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। करियर के शुरुआती दौर में एक्टर को स्टाइल, एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मों में देखा गया था। इसके अलावा 3 इडियट्स, गोलमाल, ढोल जैसी फिल्मों ने ऑडियंस को इम्प्रेस करने वाली शानदार परफॉरमेंस दी। शरमन जितना फिल्मों में एक्टिव हैं उतना ही अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टर अपने तीनों बच्चों और परिवार संग कम ही तस्वीरें शेयर करते आए हैं। प्रेम चोपड़ा के दामाद शरमन का खुद का परिवार फिल्मों से जुड़ा हुआ है। उनके पिता अरविंद जोशी गुजराती और हिंदी फिल्मों में एक्टिव रहे हैं। शोले फिल्म में ठाकुर साहब के तीन बेटों में सबसे बड़े अरविंद जोशी ही थे जिन्हें गब्बर अपनी गोलियों से भून देता है।

## टीवी मसाला



### गोविंदा ने कृष्णा के बच्चों को दिया आशीर्वाद

**मुंबई।** गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच पिछले करीब आठ सालों से विवाद चल रहा था। मामा-भांजा का ये खूबसूरत रिश्ता कुछ ऐसा बिगड़ा कि इतने सालों तक कोई बातचीत नहीं हुई। लेकिन आरती सिंह की शादी में गोविंदा ने बेटे यशवर्धन के साथ पहुंच कर पुरानी लड़ाई को भुलाकर फिर से रिश्ता जोड़ा है। अब इस शादी का एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कश्मीरा शाह ने अपना वादा निभाते हुए गोविंदा के पैर छुए और उनसे आशीर्वाद लिया। गोविंदा ने कृष्णा के दोनों बेटों को भी प्यार और आशीर्वाद दिया जिसे देखने के बाद कश्मीरा अपने आंसू नहीं रोक पाई। कृष्णा ने अपनी बहन आरती सिंह की शादी को ग्रैंड बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। शादी में टीवी और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने चार चांद लगा दिए। शादी के वीडियो में कश्मीरा शाह मामा गोविंदा को देखते हुए उनके पैर छूती दिख रही हैं।

### मन्नारा ने जीता 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 17 के बाद से चर्चा में आईं मन्नारा चोपड़ा लगातार लाइमलाइट में बनीं रहती हैं। अब मन्नारा ने 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब अपने नाम किया है। मन्नारा चोपड़ा ने मुंबई के एक इवेंट में 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का पुरस्कार जीता। इसकी खबर मन्नारा ने अपने इंस्टाग्राम पर दी। मन्नारा ने अवार्ड के साथ अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मन्नारा ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। मन्नारा के इसी पोस्ट को प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट किया है। प्रियंका चोपड़ा ने मन्नारा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "बधाई।" प्रियंका की स्टोरी को ही मन्नारा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, "थैंक्यू दीदी, हम जब मिलेंगे तो जश्न मनाएंगे, लव यू हमेशा।" बता दें, मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस सीजन 17 का हिस्सा थीं। शो में वो सेकेंड रनरअप रहीं थीं।



### कृष्णा मुखर्जी ने सुनाई आप बीती खोली प्रोड्यूसर की पोल

**मुंबई।** कई टीवी सीरियल्स में काम कर इंडस्ट्री में अपने लिए नाम बना चुकीं एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी ने एक दर्दनाक एक्सपीरियंस का खुलासा किया है। उन्हें इस इंडस्ट्री में एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। कृष्णा ने 'नागिन 3', 'कुछ तो हैः नागिन के एक रंग में' सहित कई सीरियल्स में काम किया है। मगर उन्हें पहचान 'ये है मोहब्बतें' से मिली। हाल ही में कृष्णा ने 'शुभ शगुन' के सेट पर उनके साथ किए गए गलत व्यवहार का खुलासा किया है। कृष्णा मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया है कि वह पिछले डेढ़ साल से काफी कुछ झेल रही हैं। उनके साथ 'शुभ शगुन' के सेट



पर काफी कुछ ऐसा हुआ, जिसके बारे में बात करने की उनमें हिम्मत नहीं थी, लेकिन अब वह इस बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब उनकी हेल्थ ठीक नहीं थी, तो उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया गया था। उन्हें प्रोड्यूसर्स से धमकी मिली, जिस कारण वह बोलने से डरती रहीं। दोबारा ऐसी चीज न हो, इसके डर से वह नए प्रोजेक्ट साइन करने से बच रही हैं।



### प्रियंका को शुरुआत में मिला था रिजेक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उन घटनाओं को याद किया जब उन्हें फिल्मों में रोल नहीं मिलते थे। इस पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स को हैंडल करना आसान नहीं होता है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक बार उन्हें फिल्म में कास्ट नहीं किया गया था क्योंकि उनकी जगह किसी की गर्लफ्रेंड को कास्ट कर लिया गया था। पॉडकास्ट 'रीड द रूम' में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स से डील करना बहुत मुश्किल होता है। खासकर वैलिडेशन पर मिलने वाली नौकरियों में। उन्होंने कहा कि कितने लोग आपकी मूवी देखने आ रहे हैं या आपके डायरेक्टर को आपका काम कैसा लगा या आपका कास्टिंग एजेंट आपके बारे में क्या सोच रहा है, यह सब सब्जेक्टिव होता है। ऐसे में रिजक्शन्स हैंडल करना आसान नहीं होता है।

#### लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं

# बड़े सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

***मुंबई।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।*



### प्रियंका चोपड़ा

सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।



### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ठोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।

### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने



ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।

### राजकुमार राव



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उनहोंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खरगौन विजेता

**रायगढ़।** एनटीपीसी खरगोन 25-27 अप्रैल तक लारा में आयोजित बैडमिंटन चैंपियनशिप की चैंपियन बनकर उभरी। टीम सीपत इस टूर्नामेंट में उपविजेता रही, जबकि कोरबा और लारा दोनों तीसरे स्थान से संतुष्ट रहे। तीन दिनो तक चली इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं में बैडमिंटन खेल खेला गया। प्रतियोगिता के पुरुष एकल चैंपियन रहे खरगोने टीम के श्री मयंक मिश्रा हैं महिला एकल चैम्पियन रही लारा की शिला कर्मा, मिश्रित युगल चैंपियन बने सीपत की सुश्री रेनू कुमारी और भरत नेगी। इन सभी स्पर्धाओं के उपविजेता रहे पुरुष एकल मैच में कोरबा के प्रकाश रेड्डी, महिला एकल उपविजेता सीपत की सुश्री नेहा गुप्ता और मिश्रित युगल उपविजेता सुश्री श्रेया रॉय और श्री वामशी। प्रतियोगिता की अंत में अखिलेश सिंहए परियोजना प्रमुख लारा द्वारा खिलाड़ियों को चैंपियन ट्रॉफी और व्यक्तिगत पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर राजीव रंजन, जीएम ओ एंड एम। रविशंकर, जीएम प्रोजेक्ट, श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्ष प्रेरिता महिला समिति, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, विभागाध्यक्ष, खेल परिषद के सदस्य, कर्मचारी उपस्थित थे।

### साग भाजी से आकृति बनाकर किया जागरुक

**रायगढ़।** कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत खरसिया के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम पंचायत बड़े देवगांव एवं परसापाली के हाट बाजार में मतदाता जागरूकता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है और मतदान दिवस 7 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। तमनार के ग्राम गारे में गांव की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान सभी महिलाओं ने लोगों को मतदान के महत्व को बताया और उनसे मतदान करने की अपील की गई। रैली में नारों के माध्यम से महिलाओं ने लोगों को जागरूक किया। इसी के साथ शत.प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली गई। उद्योगों में भी औद्योगिक कर्मियों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। तमनार में सारडा इनर्जी में भी कर्मियों ने 07 मई को मतदान की शपथ ली।

### नववधुओं का किया गया मतदाता सम्मान

**सारंगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नववधुओ को कुमकुम से मतदाता सम्मान किया गया। नववधुओ का ससुराल के मतदाता सूची में नाम जोड़कर यह सम्मान किया गया है। इस दौरान मेहंदी और रंगोली आदि का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सामूहिक मतदाता शपथ दिलाया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर मतदान की अपील की।

## शहर के बड़े खाईवाल के बेटे समेत 12 गिरफ्तार

# सट्टा बाजार पर शहर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 लाख कैश जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जुटमिल क्षेत्र के सट्टा खाईवाल और उनके साथियों पर गिरी आईपीएस सीएसपी आकाश शुक्ला और साइबर प्रभारी अभिनव उपाध्याय की कार्रवाई की गाज। अब तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक रायगढ़ एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देश पर अब लगातार इसी कड़ी में एक सट्टेबाजी करने वाले के ऊपर बड़ी कार्रवाई रायगढ़ पुलिस द्वारा की गई है, जुटमिल थाना क्षेत्र के सट्टा खाईवाल पप्पू बरेठ और उनके सट्टा पट्टी लिखने वालों साथियों के खिलाफ रायगढ़ के ट्रेनिंग आईपीएस आकाश शुक्ला, और रायगढ़ साइबर प्रभारी अभिनव उपाध्याय एवं उनकी टीम ने 13 लाख रूपए की सट्टा पट्टी की बरामद तथा सभी को अपनी कस्टडी में ले लिया है।

सट्टा रेड में जब्त रकम व सामाग्री नकदी रकम 13,46,780 रुपए, 15 नग मोबाइल 1,50,000 रुपए, एक लैपटॉप 35,000, एक टैबलेट 40,000,पेन, कैलकुलेटर तथा सट्टा पट्टी पर्ची लाखों में कुल 15,71,780 सट्टा रेड में पकड़े गए आरोपी हेमलाल उर्फ़ पप्पू बरेठ पिता कंगालुराम बरेठ उम्र 31 वर्ष निवासी जुटमील कबीर चौक थाना. जुटमील थाना जूटमिल में कार्रवाई, अनिल देवांगन पिता तेजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी हॉउसिंग बोर्ड कालोनी थाना चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर में कार्रवाई, बजरंग साहू उर्फ़ बंटी साहू पिता स्व. सिताराम साहू उम्र 37 वर्ष निवासी शहीद चौक नया गंज इतवारी बाजार सिटी कोतवाली थाना कोतवाली में कार्रवाई, सोनु निषाद पिता भागवत निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी कबीर चौक थाना जुटमील थाना जूटमिल में कार्रवाई, आशीक खान पिता कलीम खान उम्र 23 वर्ष निवासी मधुबन पारा थाना सिटी कोतवाली थाना जूटमिल में कार्रवाई, छवि धीवर पिता भागीरथी धीवर उम्र 32 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा सिटी कोतवाली थाना जूटमिल में कार्रवाई, सचिन यादव पिता देवलाल यादव उम्र 29 वष निवासी सहीद चैक पुरान गोंडपारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ थाना कोतवाली में कार्रवाई, मो वसीम खान पिता बरकत मोहम्मद उम्र 37 वर्ष निवासी बीडपारा पंजाब नेशनल बैंक के पास निवासी तुरीपारा मधुबनपारा थाना सिटी कोतवाली थाना कोतवाली में कार्रवाई, सुनील यादव पिता गोपाल यादव उम्र 31 वर्ष निवासी पंडरीपानी लक्ष्मीमंदीर के पास थाना चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर में कार्रवाई, योगेश बघेल पिता सुरती लाल उम्र 29 वर्ष निवासी बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ;थाना चक्रधरनगर में कार्रवाई, संतोष यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 32 वर्ष निवासी सारंगढ जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ थाना चक्रधरनगर में कार्रवाई, प्रकाश देवांगन पिता स्वण्नानदाउ देवांगन उम्र 25 वर्ष निवासी हॉउसिंग बोर्ड कालोनी थाना चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर में कार्रवाई।



गिरफ्तार खाईवालों और जब्त कैश तथा अन्य सामग्री के साथ पुलिस अधिकारी।

## कार सवार पर सामूहिक हमला पांच आरोपी गिरफ्त में

शहर में बढती गैंगवार के बीच बीते शनिवार देर रात एक घटना केलो नदी के किनारे बने मरीन ड्राइव में घटी जो किसी ने मोबाइल से रिकॉर्डिंग कर वायरल कर मीडिया को मसाला दे दिया गया। जिसको मीडिया वाले अपने जाके के हिसाब से तड़का लगाकर वायरल कर रहे हैं। वीडियो में यह देखा जा रहा है कि एक मारुति एक्सेल 6 कार को एक अन्य कार के द्वारा ओवरटेक करते हुए रोका जाता है। चार युवक कर से उतरते हैं इतने में एक एक्टिवा, एक एक्सेल मोपेड पर 2-2 सवार दो दो युवक भी आ धमकते हैं। जिसके बाद आठों युवक एक राय होते हुए। मारुति एक्सेल कार में बैठे एक युवक की हाथ, मुक्का, थप्पड़, घूंसे डंडा से पिटाई करते हैं। अपने साथी को मार खाता देख एक युवक चुपचाप नदी की तरफ सरक जाता है। चक्रधर नगर थाना की पुलिस पेट्रोलिंग वाहन का हूटर सुनकर सभी दहशतगर्द नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। मामला पुलिस में जाने पर पुलिस के द्वारा सभी युवकों को पहचान लिया जाता है एवं तत्वरित कार्रवाई करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है एवम बाकी तीन युवकों की सर गर्मी से तलाश कर जगह जगह छापेमारी की जा रही है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले को सजिंदगी से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव को शीघ्र ही कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं कुछ अभी भी फरार हैं जिनकी खोजबीन जारी है। पुलिस अधीक्षक ने इस घटना पर गंभीरता दिखाते हुए आरोपियों को क्राईम रिकार्ड के आधार पर जिलाबदर करने की तैयारी की है।





## जिला प्रशासन की टीम ने एक ही दिन में रोके 3 बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर टीम गठित किया गया है। बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर सख्ती बरतने के फलस्वरूप जिले में 26 अप्रैल शुक्रवार को 03 बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई।

**प्रशासनिक समिति गठित कर की जा रही निगरानी**

जिसमें जिला प्रशासन की गठित संयुक्त टीम द्वारा विवाह स्थल में जाकर बाल विवाह रोका गया। जिसमें थाना खरसिया अतंर्गत ग्राम नवागांव, बसनाझर, जिला रायगढ़ में बाल विवाह रोका गया। इसी तरह थाना चक्रधर नगर के अतंर्गत आईटीआई कालोनी अम्बेडकर आवास, रायगढ़ में एवं थाना सिटी कोतवाली के अतंर्गत बापू नगर रायगढ़ में बाल विवाह जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा एक ही दिन में कुल 03 बाल विवाह को रोका गया। जिसमें परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग व चाईल्ड लाईन रायगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा बालिका बालक के आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया गया एवं उपस्थित परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। बालिका के बालिग होने पर या निर्धारित आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह किए जाने की सहमति परिजनों दिया गया। जिला प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम हेतु चौकस है आगामी माह 10 मई को अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर द्वारा टीम को सजग रहने के निर्देश दिए गए है।

## कलेक्टर ने किया डाकमत सुविधा केंद्र का निरीक्षण, ली राजनैतिक दलों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने सारंगढ़ के कलेक्टर कार्यालय और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में चल रहे डाकमत सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यों का अवलोकन किया।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, एएसपी कमलेश्वर चंदेल सहित जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची की वितरण किया जा रहा है। साथ ही वोटिंग पर्ची के दौरान कितने मतदाता अनुपस्थित है, इसका भी सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे करने से निर्वाचन कार्य में फर्जी मतदाताओं का पहचान किया जा सकता है और उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाएगा।

विगत दिनों बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 हजार पलायन किए गए बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदाताओं को वीडियो कॉल के माध्यम से आमंत्रण दिया गया कि वह 7 मई को अपने गांव या शहर में आकर राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान के अधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की शुरुआत होने के डेढ़ घंटे पहले वोटिंग मशीन का मॉक टेस्ट ट्रायल क्षद्म मतदान किया जाएगा। इस दौरान कम से कम 50 पर्ची मतदान का टेस्ट किया जाएगा। मॉकपोल के लिए राजनीतिक पार्टी एवं उनके प्रतिनिधियों का 15 मिनट का इंतजार किया जाएगा। यदि कोई प्रतिनिधि नहीं आते हैं तो नियम अनुसार किया जाएगा। रायगढ़ लोकसभा में एक बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा जांजगीर चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या 18 है। इसलिए एक यूनिट से 18 की संख्या कर संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा।

## ग्राम कोसीर में मेनका के पक्ष में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज की आमसभा

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के सबसे बड़े ग्राम कोसीर की धरा में कांग्रेस का प्रचार करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बस्तर टाइगर दीपक बैज आम सभा में मोदी सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में जमकर गरजे उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल विधायक खरसिया ने भाजपा को किसान मजदूर और गरीब वर्ग का विरोधी बताया। प्रदेश में सरकार आते ही भाजपा ने रंग दिखाना प्रारंभ कर दिया कहते हुए अभी भी वक्त है आप सब संभल जाएं कहा। सभा को छत्तीसगढ़ सह प्रभारी चंदन यादव, क्षेत्र की विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े, पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह, पूर्व विधायक पद्मा मनहर, जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार ने संबोधित किया।





मंच को उद्बोधित कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं महिलाओं किसानों मजदूरों सभी के साथ न्याय होगा, हमें आरक्षण और संविधान को बचाना है, बीजेपी के 400 पार के नारे के साथ आज हमारा आरक्षण और संविधान खतरे में है। मैंने सुना यहां लंबे समय से भाजपा के सांसद निर्वाचित होते आए हैं।

- न्याय और महालक्ष्मी योजना के साथ कांग्रेस की गारंटी पर फोकस

लेकिन कभी वे जनता के बीच नहीं आए, सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सांसद मद का कोई बड़ा काम नहीं हुआ, कांग्रेस की सरकार आने पर प्रत्येक गरीब महिला को 8333 प्रति माह महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत दिया जाएगा। युवा साथियों को सरकारी नौकरी और लोन की सुविधा होगी, किसानों को उनका हक मिलेगा, हर वर्ग के लिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लाभान्वित योजनाएं बनाई है। सारंगढ़ में आप लोगों ने बड़े अंतर से विधायक का चुनाव जिताया अगर लोकसभा में आप सांसद बना लेते हैं तो आपके क्षेत्र में विधायक और सांसद मिलकर और अच्छे से विकास कार्य कर पाएंगे। 7 तारीख को पंजा छाप के दो नंबर बटन को दबाकर आपको कांग्रेस को जीत दिलानी है अपना और अपने बच्चों के भविष्य को संवारना है।

सभा को कांग्रेस प्रभारी चंदन यादव, खरसिया विधायक उमेश पटेल, लोकसभा प्रत्याशी मेनका सिंह, सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े व कांग्रेस अध्यक्ष अरूण मालाकार ने भी संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन जिला कांग्रेस के महामंत्री गोल्डी नायक जिला अध्यक्ष स्पोर्ट्स सेल एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने किया।

## रेलवे ट्रैक पर युवक ने की आत्महत्या, मृतक जांजगीर का निवासी और पेशे से नाई

**रायगढ।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कलमी में बीते दिवस उस समय सनसनी फैल गई, जब जिंदल के समीप रेलपांत पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में सिरकटी लाश मिली। चूंकि, युवक के धड़ से कटकर सिर अलग हो चुका था। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना कोतरा रोड थाने में दी। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी कीए मगर मृतक की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में मृतदेह की तस्वीर को सोशल मीडिया में वायरल करते हुए वर्दीधारियों ने सीमावर्ती जिले के थाने.चौकियों में भी इसकी जानकारी दी। सोशल मीडिया में मृतक की फोटो देखने के बाद उसकी शिनाख्त जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा थानांतर्गत ग्राम रसोड़ा निवासी ओमप्रकाश श्रीवास पिता दशरथ श्रीवास 28 वर्ष के तौर पर हुई। श्रीवास परिवार ने बताया कि ओमप्रकाश सेलून चलाता था। वहीं, बिलासपुर जाने की बजाए रायगढ़ की तरफ क्यों आया और आत्मघाती कदम क्यों उठाया। इसकी अभी तक जानकारी नहीं मिल सकी है।



## मतदान जागरूकता के लिए चेंबर व्यापारियों की बैठक, लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में लोकसभा मतदान दिवस 7 को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने में के लिए सहयोग हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी सदस्य एवं शहर के व्यापारियों की बैठक ली गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी सदस्य गण एवं व्यापारियों ने पहले मतदान फिर दुकान का एक स्वर में नारा दिया।

कमिश्नर कार्यालय में बैठक शाम 4.30 बजे से शुरू हुई। डिप्टी कमिश्नर सुतीक्षण यादव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन में शहर के 75 मतदान केंद्रों में 70 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ है। इनमें 17 मतदान केदो में 60 प्रतिशत से भी कम मतदान हुए हैं।

इस दौरान डिप्टी कमिश्नर श्री यादव ने शहर जिले एवं शहर के सभी मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए सहयोग करने की अपील। दुकानों पर कार्यरत श्रमिकों को मतदान हेतु अवकाश देने की बात कही गई। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर जो संदेश प्रसारित किया गया थाए उसे भी व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित किया गया।

सभी पदाधिकारी सदस्य एवं व्यापारियों को संकल्प पत्र में हस्ताक्षर करवाए गए। इस दौरान सभी ने लोकसभा मतदान दिवस 7 मई को अपने, अपने परिवार, मित्रजनों, पड़ोसियों, स्टाफ, उनके परिवार को मतदान देने हेतु प्रेरित करने संकल्प लिया।

## दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार का हांथ धड़ से हुआ अलग, एक की मौत, दो घायल

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लारीपानी केनापारा फाटक टरनिंग मोड़ के पास अज्ञात वाहन और मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिडंत होने से बारीक सवार युवक की मौत होने की जानकारी मिली है। वहीं दो लोग घायल बताए गए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। घटना इतनी भयानक थी कि बारीक सवार का हाथ कट कर लड़ से अलग हो गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार मृतक का नाम छोटू घायलों का नाम बनमालीख, आनंद बताया जा रहा है घटना 6.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। कोटरीमाल के निवासी धंधादिया गए थे निजी काम करके वापस अपने घर कोटरीमाल जा रहे थे उसी समय लारीपानी केनापारा के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मारने से 1 की मौत होने की जानकारी मिल रही वही 2 अन्य को डायल 112 से हॉस्पिटल ले जाया गया है। वहीं ठोकर मारने वाला अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया है।



### / / ईशतहार //

एतद द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रजय गुप्ता पिता स्वर्गीय श्री बिहारी लाल गुप्ता जाति-कोल्ता, निवासी चावला होटल के सामने, चक्रधरनगर रायगढ तहसील-रायगढ व जिला - रायगढ छ.ग. के द्वारा अपने पिता श्री बिहारी लाल गुप्ता की दिनॉक 01.11.2021 को मुत्यु हो जाने के कारण उनका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हुए अर्द्धशहरीय औद्योगिक संस्थान, चक्रधरनगर रायगढ में मेसर्स गुप्ता बेकरी प्रोप्रायटर श्री बिहारी लाल गुप्ता को आवंटित भूमि रकबा 800 वर्ग फूट को अपने नाम हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त सबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/ आपत्ति हो तो वह दिनॉक 17.05.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनॉक 18.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी किया गया है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र**
**रायगढ छ.ग.**

## बगैर ढंके हो रहा रेत परिवहन, राहगीर परेशान, अवैध डंपिंग की शिकायत

**पुसौर।** क्षेत्र में बालू, फ्लाईएश अथवा कोयले के बुरादे, बाड़े के उपर से लोड ट्रेक्टर अक्सर जाते आते देखे जाते रहे हैं जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं इसके कण उड कर राहगीरों के आंखों में पडने और एकाएक वाहन रोकने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं बन रही है और कई बार इस तरह दुर्घटनाएं हो भी चुकी है और इसकी जानकारी व शिकायत परिवहन और यातायात विभाग के समक्ष होने के बावजुद भी किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होने से पिछले कई वर्षो से लगातार इसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और शासन प्रशासन के लोग मौन साधे हुए हैं। ज्ञात हो कि पुसौर क्षेत्र में सूरजगढ़, सिंगपुरी, चंघोरी, कांदागढ, नेतनागर सहित अन्य कई ग्रामों में स्थित नदी किनारे के घाटों से अवैध बालु संग्रहण किया जा रहा है और क्षेत्र में जरूरत के अनुसार परिवहन किया जा रहा है और कुछ बालु माफिया इसे डंप भी कर रहे हैं ताकि आगामी बरसात में औने पौने दाम पर बालु बेचकर पैसा कमाया जा सके। जानकारी के मुताबिक पुसौर क्षेत्र के एक दो बालु घाट शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है और शेष अवैध है। सूत्रों के मुताबिक संबंधित बालु घाट के ग्रामवासी अथवा एक तथा कथित संगठन प्रत्येक वाहन के लिए एक राशि तय की है जिसे चुका कर ये रेत सप्लायर ले जाते हैं जिसकी रसीद कभी कभी दी जाती है और कभी नहीं दी जाती। पुसौर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में इन दिनों लगातार बालु डंप किया जा रहा है जिनके पास भंडारण करने का कोई लायसेंस तो दूर की बात रेत संग्रहण का रायलीटी भी नहीं है बावजुद इसके ये रेत माफिया धडल्ले से बे रोकटोक अपने इस काम को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं और मोटी कमाई कर रहे हैं।



